## सार-समाचार

## लड़ाई-झगड़ा करने वाला युवक गिरफ्तार



**अंता** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी ने शनिवार को दोपहर दो बजे प्रेस नोट जारी कर बताया कि नेशनल हाईवे 27 डेरु माता मंदिर के बाहर पिस्टल दिखाकर लडाई झगडा करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। उक्त मामले में फरियादी ने अंता थाने पहुंच कर नामजद रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। अंता पुलिस उपाधीक्षक श्योजीलाल मीणा के द्वारा थानाधिकारी दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में टीम गठित कर बडवा रोड से यूसुफ पुत्र मोहम्मद जहूर 48 वर्ष निवासी भूरा कुआ अंता को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक अवेध पिस्टल लोहा व दो जिन्दा कारतूस सहित एक स्विफ्ट गाड़ी जप्त कर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर मुलजिम से गहनता से अनुसंधान जारी है। घटित टीम में आकाश शिंदे हैड कांस्टेबल, महेंद्र सिंह हेड कांस्टेबल, रामहेत हेड कांस्टेबल, वीरेंद्र कांस्टेबल, राहिल खान कांस्टेबल, सौरभ आनंद कांस्टेबल, धर्मेंद्र कांस्टेबल, हेमंत कांस्टेबल मौजूद थे।

## करंट की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत

**अंता** (निसं)। सौरखंड खुर्द में सौरखंड लिफ्ट पंप हाउस के पास करंट की चपेट में आने से दो भैंसों की मौत हो गई। जोधराज मीणा ने बताया कि उसका लडका रोजाना की भांति सुबह दूध निकाल कर भैंसों को चराने के लिए गया था लगभग सुबह 9:30 बजे सोरखंड लिफ्ट पंप हाउस के पास करंट की चपेट में आने से दोनों भैंसों की मौके पर ही मौत हो गई। पशुपालक जोधराज मीणा ने बताया कि दोनों भैंसों की कीमत लगभग 2 लाख रुपए है एक भैंस के 20 दिन का बछड़ा है व दूसरी भैंस के 6 माह का बछड़ा है। उन्होंने ने बताया कि भैंसों को तड़पता हुआ देख कर मेरा लड़का उन्हें छुड़ाने के लिए जा रहा था तभी वहां आसपास काम कर रहे लोगों ने उसे जाने से मना किया। पंचायत समिति डायरेक्टर सुरेंद्र मेघवाल ने बताया कि झूले हुए तारों को लेकर कई बार बिजली विभाग को लिखित में सूचित कर दिया गया था ग्रामीणों का कहना है कि पहले भी कई मवेशी अपनी जान गवा चुके हैं। पंचायत समिति डायरेक्टर सुरेंद्र मेघवाल काचरी सरपंच जोधराज मीणा ने बिजली विभाग से इस घटना को लेकर क्षति पर मुआवजा देने की मांग की है।

## जरूरतमंदों को राशन सामग्री पहुंचाई

**रावतभाटा,** (निसं)। समाजसेवी बालकिशन गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि वॉर्ड नं. 22 में रहने वाले भुगेंदर चौधरी के पैर में घाव होने के कारण और लगातार इलाज करवाने की वजह से कई महीनों से वह अपनी दुकान नहीं खोल पा रहे है, इसी वजह से उनके घर की आर्थिक स्थिति बिल्कुल खराब हो चुकी हैं। उनके पुत्र की मानसिक स्थिति भी सही नहीं है और उनके घर में कोई कमाने वाला नहीं है उनकी जरूरत को देखते हुए समाजसेवी बालकिशन गुलाटी ने भाजपा युवा मोर्चा नगर उपाध्यक्ष सिद्धार्थ वधवा और हिमांशु बाटला से उनको राशन सामग्री पहुंचाने के लिए कहा और उन्होंने उनके घर पहुंचकर उनकी तरफ से एक महीने का राशन उन्हें भेंट किया। कई महीनों से उनकी दुकान बंद है। और भुगेंदर चौधरी ने उनकी दुकान में माल भरवा कर दुकान खुलवाने की अपील करी ताकि वह अपनी दुकान चला कर अपने घर परिवार का खर्चा चला सके। इस पर समाजसेवी बालकिशन गुलाटी ने उनसे कहा उनके ठीक होने के बाद उनकी दुकान खुलवाने में भी मदद करेंगे।

## कानून व्यवस्था को लेकर प्रदर्शन आज

**अंता** (निसं)। विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल अंता द्वारा अंता क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी , लूटपाट, गोलीकांड, अवैध धंधे की वजह से हो रही घटनाओं के विरोध स्वरूप अंता थाने के सामने दोपहर 12 बजे विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। यह जानकारी चंद्र सिंह गौड अध्यक्ष विश्व हिन्दू परिषद अंता तथा मधुसूदन प्रजापति संयोजक बजरंग दल अंता नगर ने देते हुए नगर व प्रखंड के सभी आम नागरिकों से अपील की है कि अंता थाना क्षेत्र में बढ रही आपराधिक घटनाओं पर रोक लगाने तथा कानून व्यवस्था के लिए चुनौती देने वाले अपराधियों को पकड़ने की मांग को लेकर किये जाने वाले प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सामूहिक एकता का परिचय दे। उन्होंने कहा कि सभी जागरूक बंधुओं से निवेदन है कि दोपहर 12 बजे पोस्ट आफिस के पास बालाजी की बगीची में एकत्रित हो। जहां से प्रदर्शन करते हुए अंता थाने तक विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।

## तम्बाकू के दुष्परिणाम बताये

**रामगंजमंडी** (निसं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से तंबाकू मुक्त युवा अभियान 2.0 के तहत 24 सितम्बर से 23 नवंबर तक विभिन्न गतिविधियां कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। चिकित्सालय प्रभारी डॉ.प्रमोद कुमार ने बताया कि टोबेको फ्री यूथ कैंपेन के तहत 60 दिवस तक अभियान चलाया जा रहा है।जिसके तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगंजमंडी में भी 18 अक्टूबर शुक्रवार को डॉ राजमोहन मीणा दंत चिकिसक द्वारा आमजन को तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों व बीमारियों के बारे में समझाया गया। तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के संबंध में जन जागृति तंबाकू मुक्त शिक्षा संस्थान तंबाकू मुक्त ग्राम तंबाकू नियंत्रण अधिनियम की पालना और सोशल मीडिया के द्वारा जन जागरूकता संबंधित कार्यक्रम किए जाएंगे।इस अवसर पर डॉ प्रमोद कुमार डॉ राजमोहन मीणा डॉ अनिल मीणा व नीरज मीणा सहित समस्त स्टॉफ मौजूद था।

## विकास कार्यों का निरीक्षण किया

**अंता** (निसं)। अंता नगर पालिका क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस दौरान बिशन खेड़ी रोड पर डंपिंग यार्ड कचरा संयंत्र का भी निरीक्षण किया। डंपिंग यार्ड पर खामी पाई जाने पर अधिकारियों को खामियों को जल्द निस्तारण करने की हिदायत दी। उसके बाद शमशान घाट का भी औचक निरक्षण किया गया। जहां पर गंदगी पाए जाने पर तुरंत प्रभाव से साफ करने के निर्देश दिये। बरडिया में गौशाला की आवंटित भूमि का भी निरीक्षण किया। इसके बाद में बस स्टैंड पर बनाई गई चौपाटी का भी निरीक्षण किया गया। जिसके चलते चौपाटी का कार्य पूर्ण मिला। इसको जल्द चालू करने का अधिकारियों को निर्देश दिये। स्टेडियम में बनी हुई लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया गया।

## करवा चौथ पर्व आज

**रावतभाटा,** (निसं)। करवा चौथ का पर्व रविवार को मनाया जाएगा। महिलाएं अपने पति के दीर्घायु जीवन की कामना के लिए व्रत रखेंगी। रावतभाटा उपखण्ड क्षेत्र के ग्रामीण अचंल एंव नगर में करवा चौथ के पर्व को लेकर मिट्टी के करवों की खूब बिक्री हो रही हैं। प्रजापत परिवारों के कुछ लोगों ने हाट चौक रावतभाटा बाजार, गली-मोहल्लों में घूम-घूमकर भी करवे बेच रहे हैं। चेतक मार्केट के समीप कुम्हार मोहल्ला, सिनेमा चौराह, नया बाजार, आर.पी.एस. पोस्ट ऑफिस, सिचाई विभाग की कॉलोनी, जल संसाधन विभाग, एन.टी.सी., ईएसएल, अणुदीप कॉलोनी, अणुछाया कॉलोनी, भारी पानी आवासीय कॉलोनी व चारभुजा झालरबावडी आदि स्थानों पर करवों की खुब बिक्री हो रही हैं।

## गौशाला समिति की बैठक आज

**रामगंजमंडी** (निसं)। खेतडी हनुमान जी गौशाला मोडक पर 20 अक्टूबर रविवार को दोपहर दो बजे कार्यकारिणी की मीटिंग रखी गई है। इस मीटिंग में समस्त कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहेंगे।मीटिंग में नई कार्यकारिणी का गठन करने के साथ ही गत मीटिंग 06 अक्टूबर रविवार के सभी नए प्रस्तावों को अमली जामा पहनाया जाएगा एवं गौशाला को और बेहतर से बेहतर बनाने के लिए विचार विमर्श किया जाएगा। ताकि गौ माता की अच्छी से अच्छी सेवा हो सके उसको समय पर अच्छा उपचार मिल सके।

# छबड़ा : अंतर्राज्यीय ईनामी अपराधी व उसका साथी गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। राजस्थान सहित सीमावर्ती राज्यों के विभिन्न पुलिस थानों में वांछित अंतर्राज्यीय कुख्यात नामी अपराधी व उसके साथी को पुलिस ने बापर्दा गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं।

सीआई राजेश खटाना के अनुसार डीएसपी विकास चौधरी के निर्देशन में छबड़ा थाने के एएसआई गिरिराज शर्मा के नेतृत्व में गठित 10 सदस्यीय टीम द्वारा काफी मशक्कत के बाद ईनामी अपराधी फरमान अली (49) उर्फ ओडा पुत्र फिरोज अली निवासी इरानी बस्ती छबडा व शब्बीर हुसैन (58) पुत्र सिजर अली निवासी झालावाड को पकड लिया हैं।

■ **आरोपियों के विरूद्ध अन्य राज्यों के विभिन्न थानों में भी कई प्रकरण दर्ज हैं**



**पुलिस ने वांछित अंतर्राज्यीय कुख्यात ईनामी अपराधी व उसके साथी को बापर्दा गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।**

**घेराबंदी कर दबोचा:-** खटाना ने बताया कि दोनों अपराधियों ने पुलिस गिरफ्त से बचने के लिए काफी प्रयास किए, किंतु पुलिस दल ने पुरी मुस्तैदी दिखाते हुए मकान की घेराबंदीकर अपराधियों के भागने के सभी प्रयास विफल करते हुए दबोच लिया।

**चित्तौडगढ में हुई चोरी में वांछित है आरोपी:-** पुलिस के अनुसार पिछले दिनों उक्त अपराधियों ने चित्तौडगढ जिले में एक सर्राफ व्यवसायी की दुकान से सोने-चांदी के आभूषण ग्राहक बनकर चुरा लिए थे। इस मामले मे थाना चित्तौडगढ सदर में दर्ज मुकदमे में यह अपराधी वांछित है। इस सम्बंध में भी थाना चित्तौडगढ सदर से संपर्क किया गया है। इसके अलावा इन अपराधियों के विरूद्ध अन्य राज्यों के विभिन्न पुलिस थानों मे भी कई प्रकरण दर्ज है। कार्रवाई में हैड कांस्टेबल बच्चूसिंह, कांस्टेबल रणवीरसिंह, जितेंद्र सिंह, महेश, हंसराज, बबलेश, सुभाष एवं महिला कांस्टेबल पारथी शामिल रहे।

# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की बैठक आयोजित

**रावतभाटा,** (निसं)। उपजिला चिकित्सालय स्थित ट्रोमा सेन्टर परिसर में षनिवार को खण्ड स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक उदयपुर क्षेत्र डॉ. प्रकाश चंद शर्मा और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चित्तौड़गढ़, डॉ. ताराचंद गुप्ता ने की। इस अवसर पर ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल जाटव सहित सभी चिकित्सा संस्थानो के चिकित्सा अधिकारी प्रभारी उपस्थित रहे।

बैठक में प्रमुख स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति पर गहन समीक्षा की ग और विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। संयुक्त निदेशक उदयपुर क्षेत्र डॉ. प्रकाश चंद शर्मा ने मौसमी बिमारियों पर विस्तृत समीक्षा की। मौसमी बिमारियों के तहत मलेरिया क्रेष कार्यक्रम के अंतर्गत हर चिकित्सा संस्था पर हेचरी की क्रियाषीलता, आषा सहायोगिनायों, महिला स्वास्थ्स कार्यकर्ता द्वारा एण्टी लार्वा गतिधियां करते हुए, घर-घर सर्वे समय पर सर्वे पुरा करने के निर्देष दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए लार्वा नियंत्रण की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करें। प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड वितरण व केवा सी तथा आभा आ डी बनाने की प्रक्रिया को तेज करने पर जोर दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ताराचंद गुप्ता ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक नागरिकों की आभा आ डी बनवा जाए और योजना का लाभ दिया जाए। डॉ. अनिल जाटव ने आ एचआ पी पोर्टल पर एसपीएल फार्म की समीक्षा करते हुए दैनिक रूप से रिर्पोट करने का कहा एवं समीक्षा बैठक में चिकित्सा विभाग की सभी गतिविधयों की बिन्दुवार समीक्षा की तथा मातृ-षिषु स्वास्थ्य सेवाओं को सुद्धध करने हेतु शत-प्रतिषत उपलब्धि हासिल करने के निर्देष दिये गए। मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं का समय पर एएनसी जांच हेतु आवष्यक दिषा निर्देष दिए गए।

वहीं मिसिंग डिलीवरी, टीकाकरण को समय पर पुरा करने का कहा। इस दौरान तंबाकू मुक्त यूथ केंपेन के अंतर्गत चित्तौड़गढ डॉ. ताराचंद गुप्ता ने सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को तंबाकू से मुक्त रहने की शतथ दिला ग। बैठक में रावतभाटा खण्ड के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, एनसीडी काउन्सर, बीपीएम, बीएचएस, एएनएम, नर्स, एलएचवी, सीएचओ व सभी फील्ड स्तर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# समान पात्रता परीक्षा के संबंध में बैठक आयोजित

**झालावाड़,** (निसं)। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर के निर्देशानुसार 22 से 24 अक्टूबर 2024 तक आयोजित की जाने वाली समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकेण्डरी स्तर) 2024 की तैयारियों के संबंध में शनिवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने समान पात्रता परीक्षा (सीनियर सैकेण्डरी स्तर) 2024 को पूर्ण पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि झालावाड़ जिले में उक्त परीक्षा 22 से 24 अक्टूबर तक प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे एवं दोपहर 3 से सायं 6 बजे तक दो-दो पारियों में आयोजित की जाएगी। उक्त परीक्षा के सुचारू व शान्तिपूर्वक आयोजन के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा को समन्वयक नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त 8 उप समन्वयक की भी नियुक्ति की गई हैं जिनके द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र पहुंचाने, डाकघर में जमा करवाने व समन्वयक के कार्यों में सहयोग करने का कार्य किया जाएगा।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी उप समन्वयकों को उनको आवंटित कार्यो का पूर्ण सतर्कता के साथ निवर्हन करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने परीक्षा केन्द्रों पर विद्युत की पर्याप्त व्यवस्था करवाने, परीक्षा समय के दौरान परीक्षा केन्द्रों पर विद्युत कटौती नहीं करने, परीक्षों केन्द्रों पर सभी परीक्षा कक्षों में दीवार घड़ी लगवाने, जिन परीक्षा कक्षों में स्मार्ट बोर्ड एवं प्रोजेक्टर लगे हुए हैं उनको कवर करवाने, परिक्षार्थियों की चैकिंग हेतु पुलिस जवानों के पास कार्यशील एचएचएमडी मशीन की व्यवस्था करने संबंधी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

परीक्षा के दौरान माकूल सुरक्षा व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है जो कि परीक्षा संबंधी पुलिस व्यवस्था हेतु परीक्षा समन्वयक एवं पुलिस अधीक्षक से सम्पर्क बनाए रखने का कार्य करेंगे।

# देर रात तक चला काव्यपाठ, तालियों से मेला परिसर गूंजता रहा

**कोटा,** (निसं)। चंबल के तट पर सप्त कवियों ने सप्त रसों की ऐसी रसधार बहाई कि पूरा हाड़ौती रातभर प्रेम और से लेकर ओज ही नहीं हास्य और व्यंग की वैतरणी में हिलोरें लेते रहे। मौका था 131वें कोटा दशहरा मेले का। जहां विजयश्री रंगमंच पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था।

**ऋषि मंडल की भांति:-** शुक्रवार को काव्य संध्या में सात कवि विभिन्न रसों का अद्‌भुत समागम लेकर आए। एक ओर जहां हास्य रस ने दर्शकों को हंसा हंसा कर लोट-पोट कर दिया। वहीं जब मेला मैदान में वीर रस का आगाज हुआ तो शौर्य के रस से रोम-रोम आह्लादित करता रहा। कवियों के तीखे व्यंग ने समाज को आईना दिखाया तो प्रेम की फुहारों ने भी श्रोताओं को खूब भिगोया। कवि सम्मेलन की शुरुआत मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री मदन दिलवर, ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर, मेला अध्यक्ष विवेक राजवंशी, मेलाधिकारी जवाहर जैन, अतिरिक्त मेला अधिकारी महेश चंद गोयल, एसपी सिटी अमृता दुहन, एलन के निदेशक ब्रजेश माहेश्वरी, प्रमोद माहेश्वरी, प्रेम भाटिया, पार्षद सोनू धाकड़, योगेन्द्र शर्मा, विजयलक्ष्मी आदि ने दीप प्रज्वलित करके की। कवि सम्मेलन की शुरुआत एंग्री यंग पोयट के रूप में विख्यात अनामिका अम्बर ने देवी मां के 108 नामों ब्रह्म जाया विशाला श्री ब्राह्मीष् का भक्तिमय पाठ करके की। वंदना सुन पूरा दशहरा मैदान भक्ति रस में डूब गया। इसके बाद सुदीप भोला के ओजस्वी काव्य पाठ से कवि सम्मेलन में नई ऊर्जा का संचार किया। उनके हास्य और वीर रस के जोड़ ने बेजोड़ समा बांधा। उन्होंने जैसे ही राहुल की बुद्धि बड़े, दीदी की ममता। योगी की शक्ति बढ़े, मोदी की क्षमता। कंगना मुंह बंद रख, कर जनसेवा सुनाया तो पूरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठी।

उन्होंने फौरी सियासत पर एक के बाद एक लगातार कई तीखे व्यंग बाण छोड़े। सारे मोदी के विरोधियों में मेल हो गया, मम्मी का पप्पू हरियाणा में भी फेल हो गया' 'केसरिया लगाएला लिपस्टिक, यूपी के हर डिस्ट्रिक्ट योगी टॉप लगेलवा' 'बाबा जी को समझा था क्या कच्चा बादाम, साइकिल हुई धड़ाम' 'मोदी बोले केम छै केम छै, राहुल बोले सेम छै सीटें नहीं आती चुनावों में' जैसी रचनाएं सुना खूब गुदगुदाया। वहीं 'पापा की परी रील बनाती हैं' कविता सुना मोबाईल के दुरुपयोग का ऐसा जीवंत रूप प्रस्तुत किया कि हर एक श्रोता दहल उठा। और जब उन्होंने अपनी बहुचर्चित कविता 'वर्दियां' सुनाई राष्ट्रभक्ति का समंदर ही उमड़ उठा। राष्ट्रीय अस्मिता के गायक, वीर रस के कवि हरिओम पंवार के कविता पाठ ने नस नस में वीरता का रंग घोल डाला। भारतमाता का प्यार लिए फिरता हूं वाणी में... सुना आग ही बरसा डाली। पांच दशकों से भी ज्यादा समय तक देश-दुनिया को पत्नी और चार लाईन क्षणिकाओं से गुदगुदा रहे सुरेन्द्र शर्मा ने पूरे मेला मैदान को ठहाकों से गुंजायमान कर डाला। अनामिका अम्बर के राम भक्त ही शासन करेगा दिल्ली के सिंहासन के एक एक शब्द ने रोंगटे खड़े कर दिए।

वहीं अरुण जैमिनी ने हरियाणवी लहजे में हास्य व्यंग की ऐसी रसधार बहाई कि हर कोई आनंद की बयार में बह उठा। मंच का संचालन कर रहे कवि सम्मेलन की आभा तब और बढ़ गई जब शशिकांत यादव माईक संभाला। वीर रस से ओतप्रोत उनकी कविताओं ने राष्ट्र भक्ति का समंदर ही उड़ेल दिया। शहीद होने वालों की हम उतारें आरती... वन्दे मातरम् जैसे गीत गाकर सभी श्रोताओं को जोश और जुनून से भर डाला। बहराईच पर उनकी कविता 'अबके कोई भ्रम न पाले भारत मां को बांटेंगे' सुन श्रोताओं के रोंगटे ही खड़े हो गए। कोटा के बेटे जगदीश सोलंकी ने प्रेम और ओज की ऐसी प्रेरक धार बहाई कि पूरा दशहरा मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# द्वितीय राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेन्स राजफेमटीकॉन-24 का समापन

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान एकेडेमी आफ फोरेन्सिक मेडिसिन के तत्वावधान में फोरेन्सिक मेडिसिन विभाग चिकित्सा महाविद्यालय कोटा द्वारा द्वितीय राज्य स्तरीय कान्फ्रेन्स राजफेमटीकॉन-24 का समापन शनिवार को हुआ जिसमें कई प्रदेशों से आए फोरेंसिक मेडिसिन के डॉक्टर्स ने अपने विचार रखे, नई तकनीक पर चर्चा की, आने वाले समय में क्या बदलाव हो रहे है।

चिकित्सा पद्धति में किस तरह से बदलाव देखने को मिल रहे हैं, ऐसे कई विषयों पर मंथन किया और बहुत कुछ विषय विशेषज्ञों से सीखा। डॉ.अशोक मूंदड़ा, वरिष्ठ आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग, मेडिकल कॉलेज, कोटा ने बताया कि कॉन्फ्रेंस का समापन सफलतापूर्ण हुआ जिसमें देशभर के अलग-अलग प्रदेश और शहरों से आऐं फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों ने अपने विचार सांझा किए और नई तकनीक के बारे में बताया तो भारतीय न्याय संहिता के बाद जो बदलाव हुए उनकी भी जानकारी दी। साथ ही आने वाले समय में किस तरह से फोरेंसिक मेडिसिन का दायरा बढ़ रहा है, नए क्या शोध सामने आ रहे हैं, सरकार किस तरह से नए संसाधन उपलबध करा रही है, इन सभी विषयों पर गंभीरता से मंथन हुआ। डॉ.मूंदड़ा ने बताया कि इस अवसर पर पैनल डिस्कशन हुआ जिसमें कई लोगों के मन में उठ रहे सवालों का भी जवाब दिया गया। साथ ही अलग-अलग प्रदेशों के नियम, कानून, संशोधन और तकनीक को भी आपस में शेयर किया। डॉ. मूंदड़ा ने बताया कि फोरेन्सिक मेडिसिन विषय के फेकल्टी मेम्बर्स व रेजीडेन्ट डॉक्टर्स इस दौरान उपस्थित रहे। डॉ.राखी खन्ना, फोरेंसिक लेबोरेट्री हेड ने कोविड के दौरान और कई बड़ी हस्तियों के मडर्स में किस तरह से फोरेंसिक विभाग का महत्व रहा इसकी जानकारी दी।

डॉ.अशोक मूंदड़ा ने कहा कि दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के दौरान फील्ड के मास्टर लोगों ने नई जानकारियां उपलब्ध कराई है, जिसका आनेवाले समय में लाभ मिलने वाला है। अब जो वर्कीग होगी उसमें नई तकनीक का असर देखने को मिलेगा और न्याय व्यवस्था में और ज्यादा सुधार करने की कोशिश की जाएगी। ज्यादा से ज्यादा अच्छे सबूत जुटा सकेंगे और पुलिस को उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

# प्रतियोगिता का आयोजन

**रामगंजमंडी** (निसं)। मोडक मंगलम विद्या विहार में शनिवार को इंग्लिश डिक्लेमशन कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि अनिल मंडोत (सीनियर जॉइंट प्रेसिडेंट कॉमर्शियल ) रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रधानाचार्य गोविंद शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में बोलने की कला का विकास होता है तथा आत्मविश्वास बढता है। प्रतियोगिता जूनियर ग्रुप व सीनियर ग्रुप के बीच रही। सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही आकर्षक व रंग बिरंगी वेशभूषा में मनमोहक व प्रभावी भाषण प्रस्तुत करते हुए द्रौपदी मुर्मू अटल बिहारी वाजपेयी इंदिरा गांधी स्मृति ईरानी मलाला यूसुफजई ए. पी. जे. कलाम मार्टिन लूथर किरण बेदी कल्पना चावला चार्ली चैपलिन मिशेल ओबामा महेंद्र सिंह धोनी सानिया मिर्जा सुनीता विलियम्स ग्रेटा थंबर्ग रोहित शर्मा व गुंजन सक्सेना जैसे व्यक्तिवों को जीवंत कर दिया। जिसे देखकर सभी मंत्र मुग्ध हो गए।जूनियर ग्रुप में दक्ष सिंह राठौर प्रथम इरम खान द्वितीय और अंज़ा अली व अभिनव सिंह तृतीय स्थान पर रहे।सीनियर ग्रुप में आदरिजा उपाध्याय प्रथम सोनम योगी व समृद्धि शर्मा द्वितीय व देवांश वैष्णव तथा रिद्धिमा चौधरी तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा छः की निर्भिका निर्मल और दक्षिता गुप्ता की प्रस्तुति विशेष सराहनीय रही। मुख्य अतिथि अनिल मंडोत ने सभी प्रतिभागियों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए उनका मनोबल बढाया

# 'जवाहर नगर कोचिंग व हॉस्टल क्षेत्र में शराब और तम्बाकू का विक्रय बंद हो'

**कोटा,** (निसं)। शहर का जवाहर नगर क्षेत्र शराब व्यवसाय, तम्बाकू व अन्य मादक पदार्थों के विक्रय के साथ असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर न्यू कोटा हॉस्टल एसोसिएशन ने जिला प्रशासन व पुलिस को ज्ञापन सौंपा।

महासचिव राजीव कुमार ने बताया कि जवाहर नगर अवांछित गतिविधियों और असामाजिक तत्वों द्वारा बिगाड़े जा रहे माहौल के चलते बदनाम हो रहा है। इस क्षेत्र में बडी संख्या में हॉस्टल्स हैं तथा कोचिंग संस्थान हैं, जिससे आबादी के अधिकांश क्षेत्र में स्टूडेंट्स निवास करते हैं। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा यद्यपि क्षेत्र पर नजर रखी जाती है लेकिन इसके बावजूद भी यहां तेज रफ्तार से दौड़ती गाड़ियां, तम्बाकू और अन्य नशीले उत्पादों के साथ-साथ शराब का विक्रय विद्यार्थियों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

क्षेत्र में शराब की दुकानें और बार हैं, जहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। इसी क्षेत्र में स्टूडेंट्स भी गुजरते हैं और निवास भी करते हैं। इन स्टूडेंट्स को शराब की दुकानां पर खड़े असामाजिक तत्व परेशान करते हैं। कई बार असामाजिक तत्व स्थानीय लोगों से झगड़े भी करते हैं, इससे भी स्टूडेंट्स परेशन हो जाते हैं। यहां वाहनों का शोर और तेज रफ्तार से गुजरती गाड़ियां शोर भी बढ़ाती हैं।



**कोटा के जवाहर नगर क्षेत्र में शराब और तंबाकू की विक्री बंद करने को लेकर ज्ञापन सौंपा।**

यही कारण है कि यहां शहर के दूसरे क्षेत्रों की अपेक्षा शोर अधिक है, जो भी स्टूडेंट्स के भटकाव और परेशानी का कारण है। शाम को कई युवा तेज रफ्तार से गाड़ियां दौड़ाते हुए स्टूडेंट्स को कट मारते हुए निकलते हैं। शहर के जवाहर नगर क्षेत्र में बड़ी संख्या में कोचिंग स्टूडेंट्स रहते हैं और यहां कोचिंग संस्थान भी स्थित हैं। ऐसे में इस क्षेत्र के लिए जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की जानी चाहिए। क्षेत्र में शराब की बिक्री बंद की जानी चाहिए। इसके अलावा थड़ियों पर बिकने वाले तम्बाकू उत्पादों पर भी पाबंदी लगनी चाहिए, ताकि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा नहीं हो और यहां का माहौल नहीं बिगड़े। सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण माहौल में स्टूडेंट्स अपना कॅरियर बनाने के लिए पढ़ाई कर सकें। असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से यहां के आमजन भी परेशान हैं। व्यापारियों द्वारा भी कई बार इस संबंध में विरोध दर्ज करवाया जा चुका है। स्थानीय हॉस्टल व मैस संचालकों ने भी असामाजिक तत्वों द्वारा की जा रही गतिविधियों पर लगाम लगाने की मांग की है।

# इस बार करवा चौथ पर भद्रा पक्ष का साया

**कोटा,** (निसं)। करवा चौथ हिंदू धर्म के सबसे महत्वपूर्ण त्यौहारों में से एक है और कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाया जाता है।

इस वर्ष करवा चौथ 20 अक्टूबर, 2024 को मनाया जा रहा है। इस दिन भद्रा का भी साया पड़ रहा है जिससे कि विवाहित महिलाएं के जीवन में अशुभ संकट आ सकते हैं। लेकिन कुछ उपाय करने से शुभ कार्य होते जाएंगे।

इस दिन अपने पति की लंबी उम्र और सुख वैवाहिक जीवन को बनाए रखने के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। जिसका पारण चांद निकलने पर किया जाता है करवा व्रत की शुरुआत हमेशा सरगी खाने से होती है। जो सूर्योदय से करीब दो घंटे पहले खाई जाती है। इस दौरान करवा माता, भगवान गणेश और चंद्रमा की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। इस साल करवा चौथ पर भी भद्रा का साया रहेगा।

इस दौरान सुहागिनों को किस प्रकार के कार्य करने से बचना चाहिए इसको लेकर एस्ट्रोलॉजर कविता जांगिड़ ने बताया कि करवा चौथ के दिन भद्रा लग रही है ऐसे में सुबह उठकर विवाहित महिलाएं सरगी करने से पहले धन्या, दधीमुखी, भद्रा, महामारी, खराननना, कालरात्रि, महारुद्रा, विष्टि, कुलपुत्रिका, भैरवी, महाकाली, असुरक्षयकारी, इन नाम के साथ अपने करवा चौथ के दिन की शुरुआत करें। भद्रा के इन 12 नाम लेने हैं। ऐसे में जो भी महिलाएं इन 12 नाम को नहीं लेती है तो ऐसे में शुभ कार्य में विघ्नता आती है। अशुभ संकेत मिलते हैं। इन 12 नाम को लेने से करवा चौथ का व्रत भी पूरा होता है और किसी भी प्रकार के अशुभ संकेत नहीं मिलते इसलिए भादरा के यह 12 नाम है जिन्हें सुबह उठने के बाद जरूर ले।

एस्ट्रोलॉजर कविता जांगिड़ ने बताया कि पूजा के लिए शुभ मुहूर्त 20 अक्टूबर 2024 की शाम 5 बजकर 46 मिनट से शुरू होगा। ये मुहूर्त शाम 7 बजकर 02 मिनट तक रहेगा। कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत रखा जाता है।

इस व्रत को सुहागिन महिलाये अपने पति की लम्बी आयु, सुख, समृद्धि ओर अखंड सौभाग्य प्राप्ति के लिए निर्जला व्रत रखती है इस वर्ष 20 अक्टूबर को 6.24 मिनट से 06.46 मिनट तक भद्रा का साया रहेगा। इसलिए सभी विवाहित स्त्रियों को ये 12 नाम लेकर ही करवा चौथ के व्रत की शुरुआत करनी चाहिऐं। करवा चौथ के दिन पूजा का शुभ समय शाम 5.46 से शुरू हो रहा है।